डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | पौष कृष्ण पक्ष 06- 2082 | भोपाल,दिन गुरूवार, दिनांक 25 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

डीआरएम ने किया प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण

भोपाल। डीआरएम पंकज त्यागी ने बुधवार को भायखा–राजगढ़ के प्री नॉन इंटरलाकिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस स्टेशन पर रेललाइन को भोपाल–राणपंजमंडी नई रेल लाइन परियोजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। डीआरएम ने सभी संरक्षा पहलुओं की चर्चा एवं चार्ड रिमोडलिंग कार्य से संबंधित सभी मानकों की जानकारी ली। साथ ही यार्ड संचालन से जुड़े स्टेशन मास्टर पैनल की कार्यप्रणाली की जांच की। गुरुत्वाकर्षण यार्ड सुविधाओं का भी डीआरएम द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत इस रेलवे स्टेशन की कार्य प्रगति एवं भुगतान का भी जायजा लिया

प्रदेशभर के शिक्षक आज देंगे धरना

भोपाल। प्रदेश में सरकारी स्कूलों के बेहतर शैक्षणिक परिणामों के बावजूद शिक्षकों को लंबित वेतन सबंधी मांगें अभी तक पूरी नहीं हुई है। इसी के विरोध में 25 दिसंबर को राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक भोपाल के आंबेडकर गेंदाल में धरना देंगे। राज्य शिक्षक संघ मप्र के बैनर तले होने वाले धरने में समय भी होगी। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संभागों के संगठन मंत्रियों का मनोनयन

भोपाल। अखिल भारतीय राष्ट्रीय सैनिक महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में विभिन्न संभागों के संगठन मंत्रियों का मनोनयन किया गया। इसी सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष विनोद भारतीय को भोपाल संभाग का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। भोपाल संभाग अध्यक्ष विनोद मोहन ने बताया कि भारतीय के संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है।

ईपीएस–95 पेंशनर्स का राष्ट्रीय अधिवेशन

भोपाल। ईपीएस 95 पेंशनर्स यूनाइटेड एक्शन कमेटी के बैनर तले 1 फरवरी को भोपाल में राष्ट्रीय स्तर की बैठक होगी। इसमें देश के दो प्रमुख संगठनों से 50 पदाधिकारी शामिल होंगे। इस में न्यूनतम पेंशन 9 हजार रुपए, महंगाई भत्ता और आयुष्मान योजना का लाभ देने जैसी मांगों पर चर्चा होगी। अधिवेशन के आंदोलनात्मक कार्यक्रम और बड़े आंदोलन की रणनीति भी तय की जाएगी।

राज्य पुलिस सेवा रू 4 अफसरों को फैकेडर अवॉर्ड, 2 का अटका

भोपाल। राज्य पुलिस सेवा के चार अफसरों को आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) कैडर अवॉर्ड मिल गया है। बुधवार को गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया, जिसमें विक्रांत गुरव, सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी का नाम शामिल है। इनमें विक्रांत गुरव राज्य पुलिस सेवा के 1997 बैच के अधिकारी हैं, जबकि सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी 1998 बैच के अधिकारी हैं। ये सभी अधिकारी 2024 की डीपीसी में पदोन्नत किए गए हैं। अब ये चारों अधिकारी एक साल के लिए परिवीक्षा अवधि में रहेंगे। आईपीएस अवॉर्ड के लिए 12 सितंबर को पहली बैठक हुई थी, लेकिन नोटिफिकेशन जारी होने में देरी और प्रशासनिक कारणों से उसे एक बार लिए गया था। इसके बाद 21 नवंबर को समिति की फिर से बैठक बुलाकर अंतिम निर्णय लिया गया। आईपीएस कैडर के लिए वरिष्ठता सूची में सबसे ऊपर

निवेश से रोजगार–अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर होगी ग्वालियर में आज ,अभ्युदय मप्र शीर्ष समिट

गृहमंत्री अमित शाह करेंगे 2 लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन–लोकार्पण

डीआर संवाददाता»» भोपाल

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर मप्र को 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में ग्वालियर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसमें अलग–अलग विभागों से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी टीम के साथ एक दिन पहले बुधवार को ही ग्वालियर पहुंच गए। उन्होंने ग्वालियर मेला ग्राउंड में होने वाले अभ्युदय मप्र शीर्ष समिट–रोजगार से मिलेंगे का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। एमजीआईजीसी से मिली जानकारी के अनुसार अभ्युदय मप्र शीर्ष समिट में केंद्रीय मंत्री के साथ ही देश के विभिन्न इलाकों मप्र में औद्योगिक निवेश को रोजगार में परिवर्तित करने के कार्य को स्वीकृति मिलेगी। साथ और मुख्यमंत्री डॉ यादव की मौजूदगी में अभ्युदय मप्र शीर्ष समिट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि–पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। निवेश से रोजगार अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर आयोजित इस समिट में पिछले 2 वर्षों में प्रदेश में हुए औद्योगिक निवेश–निवेश एवं संरक्षण में परिवर्तित करने के कार्यों को स्वीकृति मिलेगी

तुरवाह 25 दिसम्बर को ग्वालियर के मेला ग्रांउड में अभ्युदय मप्र शीर्ष समिट में निवेश से रोजगार का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा

शाह रीवा के बसामन मामा गो अभयारण्य भी जाएंगे, यहां बेसहारा और बीमार गोवंश को मिलता है आश्रय

शाह और मुख्यमंत्री को राज्य करेंगे युवाओं को सम्मानित

विकास और रोजगार के दो कर विषय पर आयोजन करते हुए

विकास की नई दिशा भी तय की जाएगी

अभ्युदय मप्र शीर्ष समिट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि–पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। निवेश से रोजगार अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर आयोजित इस समिट में पिछले 2 वर्षों में प्रदेश में हुए औद्योगिक निवेश–निवेश एवं संरक्षण में परिवर्तित करने के कार्यों को स्वीकृति मिलेगी

उद्योग जगत भी बड़ी हस्तियां होंगी

प्रोग्रेस रिपोर्ट में देश के प्रसिद्धित उद्योगपति और औद्योगिक घरानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें रोहित इंजीनियरिंग, रीजन जोनल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, एलएनके मोतीलाल समूह, लेके सफर, टोरेंट पावर, मेकॉन ग्रुप, एस्टिकार इंडस्ट्रीज, टीएचके, सुमित्रा मेगास, लक्ष्य ग्रीन, एमेल समूह, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और मध्य मेट्रोनिक्स लिमिटेड जैसे औद्योगिक समूहों के शीर्ष लोग।

युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के साथ विकास के लिए उन्हें सीधे रोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिए शीर्ष समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट से नए औद्योगिक केंद्र, पार्क्स और फूड–एंड–फूड इकाइयों की बुनियाद से स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। समिट में पूरी पूरान और जोड़ारोन के साथ पूरी आयोजन और आयोजन–एवं भी मिलिट किए जाएंगे। रोजगार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा। समिट में युवाओं से संवाद भी किया जाएगा। रोजगार स्तर पर औद्योगिक भूमि आवंटन भी खुली महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जाएंगी।

कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन एम्स के डॉ. यूनुस पर 7 दिन में कार्रवाई

डीआर संवाददाता»» भोपाल

राजधानी भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। महिला चिकित्सकों की सुरक्षा, मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न, अवैध निजी प्रैक्टिस और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के झुग्गी–झोपड़ी प्रकोष्ठ ने एम्स प्रशासन पर महिलाओं के उत्पीड़न को संरक्षण देने और मरीजों को समय पर इलाज न मिलने के गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को एम्स निदेशक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि हालात इतने खराब हैं कि इमरजेंसी में भी मरीज महीनों इंतजार कर रहे हैं और इसका खामियाजा उनकी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। महिला डॉक्टरों की सुरक्षा पर सवाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ) के प्रदेश अध्यक्ष निकेश ईश्वर सिंह चौहान ने एम्स भोपाल के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि सम्मान से कार्यरत महिला डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर ग्रहण लग चुका है। अनुशासन के नाम पर मानसिक दबाव और कथित यौन उत्पीड़न ने डॉक्टरों को महिलाओं के लिए असुरक्षित बना दिया है।

ज्ञापन में दावा किया गया है कि विभागाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस द्वारा की गई कथित प्रताड़ना के चलते 12 दिसंबर को डॉ. रश्मि वर्मा ने एनेस्थीसिया की ओपरेशन लेकर आत्महत्या का प्रयास किया। उनकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा डॉ. श्रुति गुप्ते, डायलेसिस टेक्नोलॉजिस्ट उन्मति सिमोन, फरहीन अंजुम, रेखा ठाकुर और ऑफिस असिस्टेंट सध्या सिमोन को मानसिक प्रताड़ना के कारण संस्थान से बाहर किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

नौकरी संरक्षण देने का आरोप

कांग्रेस का आरोप है कि यह पूरा मामला केवल एक विभाग तक सीमित नहीं है। मेडिकोलीगल विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार अटलानी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेका गुप्ता, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एस. के. सिंह, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अनिल कुमार सिंह और एम्स प्रशासन पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने शिकायतों को दबाने और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के बजाय उन्हें संस्थान से बाहर का रास्ता दिखाया। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा, न्याय और मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई जाए।

जीवन में हमें जो आशीर्वाद और श्राप ही मिलते हैं इन्हें परमात्मा की कृपा ही मानना चाहिए

"भव्य कलश यात्रा के साथ कथा महोत्सव का शुभारंभ"

डीआर संवाददाता»» भोपाल

श्री विजयपुरा मंदिर एमसीसी खेल मैदान 11 सी स्पार्टर अरेरा कॉलोनी" भव्य कल रही शनिवारवी श्रीमद भागवत कथा के तीसरा दिन कथा वाचक स्वामी श्री श्रीकेशवाचार्य जी महाराज ने कथा में बताया कि हमारे जीवन में हमें जो आशीर्वाद और श्राप ही मिलते हैं इन्हें परमात्मा की कृपा ही मानना चाहिए। जब आशीर्वाद मिलता है तो समाज में

यश प्रतिष्ठा और सम्मान मिलता है और जब श्राप मिलता है तो भटकाव वाला रास्ता मिलता है और इसी चलते पर किसी न किसी रूप में भगवान मिलते हैं। कार्यक्रम के अंत में जगमोहन के साथ कथावाचक भक्तिमय हो गयाः

"जय बोलो महाकाल, जय बोलो बालमुकुंद, जय माँ महेश्वरी, रुक्मि विजयपुरा नगर, जय बाबा नीम करौली, जय गुरुदेव भगवान, जय माँ नर्मदा, जय हिंद, जय मध्यप्रदेश, जय भोपाल। कथा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक चल रही है कथा में किरण आलोक रंजन ने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने की अपील की।

---

2 और 3 जनवरी संघ प्रमुख मोहन भागवत भोपाल के युवा–महिलाओं से संवाद करेंगे

डीआर संवाददाता»» भोपाल

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) नए साल में भोपाल में संघ शताब्दी वर्ष को उपलक्ष्य में 4 बड़े कार्यक्रम करने जा रहा है, जिन्हें आरएसएस प्रमुख (सरसंघचालक) मोहन भागवत संबोधित करेंगे। 2 व 3 जनवरी को होने वाले इन कार्यक्रमों के जरिए संघ अपने 100 वर्ष पूरे होने के बाद भविष्य की राह कथ होगी, इसे समाज के सामने

लाएगा। 2 जनवरी को युवा संवाद व प्रमुख जन गोष्ठी होगी। 3 जनवरी को सामाजिक सद्भाव वाणीवन व शक्ति (महिला) संवाद कार्यक्रम होगा।

सकारात्मक पूरा करने कार्यक्रम

सौ साल बाद संघ ने समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर विश्व के सामने आदर्श प्रस्तुत करने वाला संगठित, स्वावंत और समर्थ भारत निर्माण करने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रतिष्ठित और प्रभावशाली लोगों से देशभर के प्रमुख शहरों में संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं।

दुर्घटना क्लेम में दोहरी क्षतिपूर्ति का प्रयास, तीन पर कानूनी कार्रवाई के आदेश

डीआर संवाददाता»» भोपाल

सड़क दुर्घटना मुआवजा प्रकरण में कथित रूप से दोहरी क्षतिपूर्ति लेने का प्रयास करने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस मामले में न्यायालय ने गलत तथ्य अपनाते हुए तीन आरोपितों के विरुद्ध अनुपूरी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार नितेश तिवारी की दिनांक 08 दिसंबर 2022 को शाम लगभग 7 बजे सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। नितेश तिवारी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी मांजुपुरा हाईवे रोड पर चौकी से करीब 20 किलोमीटर पश्चिम एक कार क्रमांक डब्ल्यू–02–ए–4083 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नितेश तिवारी को उपचार हेतु अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

इस दुर्घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना विश्वामित्र तालुका, जिला नेहसाना (गुजरात) में दर्ज की गई थी। मृतक की माता मंजू देवी, पिता श्री त्रिलोकी तिवारी एवं भाई मोनू तिवारी, निवासी ग्राम नरसीलिया, अरावली जयपुरिया, बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2023 को जिला न्यायालय अहमदाबाद (ग्रामीण) में मोटर दुर्घटना दावा प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकरण में दिनांक 09 सितंबर 2023 को लोक अदालत में 12.40 लाख में समझौता हुआ, जिसकी राशि बीमा कंपनी द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से जमा कर दी गई। इसके बावजूद आवेदकों द्वारा जानबूझकर रूप से तथ्य छिपाकर दिनांक 14 जून 2023 को प्रधान न्यायाधीश, भोपाल के समक्ष पूरा क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया गया। इस पर इनको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने तीनों आवेदकों के विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, भोपाल को समक्ष लिखित परिवाद प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। साथ ही आवेदकों को 150–10 हजार के माध्यम प्रस्तुत करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

अनुमति दी, फिर अवैध बताकर कार्रवाईय सतवास आत्मदाह मामले में नया वीडियो आया सामने

डीआर संवाददाता»» देवास

देवास। सतवास कस्बे में अतिक्रमण हटाने के दौरान पंगती द्वारा जनित आत्मदाह के मामले में एक नया वीडियो सामने आया है, जिसने पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बना दिया है। वीडियो में दमती तहसीलदार से बहस करते हुए नाखिश जलाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान एक महिला द्वारा बोतल में रखा ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने के बाद अचानक आग लग जाती है।

सतवास बस स्टैंड पर स्टेशनरी और फोटोग्राफी की दुकान चलाने वाले संतोष व्यास वार्ड नंबर 5 में मकान निर्माण करा रहे थे। शिकायत थी कि मकान निर्माण में नाली पर अतिक्रमण किया गया है।

24 दिसंबर की दोपहर तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी मशीन के साथ अतिक्रमण हटाने मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान संतोष व्यास और उनकी पत्नी उषाबी व्यास की तहसीलदार से तीखी बहस हो गई। आरोप है कि दंपती ने मौके पर ही अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। घटना से आक्रोशित लोगों ने करीब छह घंटे तक चक्काजाम किया। मामले की गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तहसीलदार और नगर पालिका सीएमओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जांच समिति गठित की है।

उपभोक्ता दिवस उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण का संदेश, भव्य आयोजन

उपभोक्ता दिवस पर भोपाल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की सक्रिय

डीआर संवाददाता»» भोपाल

उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता और संरक्षण को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय भोपाल में शासन द्वारा "उपभोक्ता दिवस" के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विभिन्न विभागों और संगठनों ने अपने कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर "अखिल

भारतीय ग्राहक पंचायत, भोपाल महानगर" का प्रतिनिधि मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहा। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष "सुरेंद्र रघुवंशी", जिला उपाध्यक्ष "निलेश श्रीवास्तव" एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता "जगदीश शर्मा" शामिल थे। ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधियों ने संगठन की गतिविधियों और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में निभाई जा रही भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ता दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों की स्मृति है। उन्होंने बताया कि ग्राहक पंचायत के सतत प्रयासों और जन–जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप ही "उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986" लागू हुआ, जिससे उपभोक्ताओं को कानूनी अधिकार और न्याय प्राप्त करने का सशक्त माध्यम मिला।

जिला उपाध्यक्ष निलेश श्रीवास्तव ने संगठन द्वारा संचालित मार्गदर्शन केंद्रों की जानकारी देते हुए बताया कि इन केंद्रों पर उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है और उन्हें उचित कानूनी व व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन केंद्र आज उपभोक्ताओं के लिए आशा और समाधान का केंद्र बन चुके हैं।

कार्यक्रम में अन्य विभागीय प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और इस बात पर सहमति जताई कि उपभोक्ता संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक संगठनों और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। अंत में ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधियों ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

नए साल पर घर में कर सकेंगे शराब पार्टी 500 रुपए में मिलेगा बार का लाइसेंस

डीआर संवाददाता»» भोपाल

राजधानी में नए साल के मौके पर घर में भी शराब पार्टी कर सकेंगे, जिसके लिए आबकारी विभाग से एक दिन के लिए अस्थाई लाइसेंस लेना पड़ेगा। जिसके लिए भोपाल में 500 रुपए देकर घर में बार खोल सकते हैं। जिन रेस्टोरेंट, होटल या गार्डन में 500 से 5 हजार तक भीड़ जुटेगी तो वहां लाइसेंस के बदले 25 हजार से 2 लाख रुपए तक देना पड़ेगे। जिसके लिए आबकारी विभाग

ऑनलाइन लाइसेंस जारी करेगा। विभाग 31 दिसंबर और एक जनवरी को एक दिन के लिए लाइसेंस जारी करेगा। जिसके तहत शहर में अस्थाई बार जश्न के लिए 400 से ज्यादा होटल और ढाबा संचालक एक दिन का शराब बिक्री का लाइसेंस ले सकते हैं। जिसके लिए विभाग ने लाइसेंस फीस समेत कई विषयों को लेकर गाइडलाइन भी जारी कर दी है। इस दायरे में स्थायी के मकान, सार्वजनिक स्थल, मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट को शामिल किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि अस्थाई लाइसेंस के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसके लिए विभाग की वेबसाइट के होम पेज पर पर आवेदन किया जा सकता है।प्राइवेट जगह यानी, स्वयं के घर में बंदि एक दिन की पार्टी करते हैं और उसमें अंग्रेजी शराब रहती है

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौष कृष्ण पक्ष,06 – 2082 | सीहोर,दिन गुरुवार,दिनांक 25 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

सीहोर। मौसम से फसल में नुकसान होने पर किसानों को होने वाली हानि प्रतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसान ले सकते हैं। किसान 31 दिसंबर तक फसल का बीमा करवा सकते हैं। इसके बाद किसान फसलों में होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए दावा कर सकते हैं।

हायकरथा को बढ़ावा देने 90: खर्च करेगी सरकार

सीहोर। हायकरथा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन ने बड़ी पहल की है। अब बुनकरों को प्रोमलूम (सहायक उपकरणों सहित) उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना में प्रोमलूम की लागत का 90: हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि बुनकर व समूह-समितियों को केवल 10: राशि जमा करनी होगी।

पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से

सीहोर। राज्य शिक्षा केंद्र ने पाचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा का शेड्यूल टेबल जारी कर दिया है। बोर्ड पैटर्न पर होने वाली कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। 5वीं की परीक्षा 26 फरवरी और 8वीं की 28 फरवरी को समाप्त होगी। परीक्षाएं दोपहर 2 से 4.30 बजे तक चलेंगी।

बीएड शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स की शुरुआत

सीहोर। न्यायालय के आदेश पर 2020 की प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर नियुक्त बीएड शिक्षकों के लिए अब एनआईओएस द्वारा ब्रिज कोर्स कराने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए संबंधित शिक्षकों को 25 दिसंबर तक ज्ञानमंजरी पोर्टल पर पंजीकरण कर कोर्स उपलब्ध करना होगा।

पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के आवेदन 5 तक

सीहोर। उच्च शिक्षा विभाग ने 2025–26 में पीएचडी शोध छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत शोधार्थियों से आवेदन मंगाए हैं। 5 जनवरी तक आवेदन देना होगा।

ग्राम छपरी में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित

सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले के विकासखण्ड मैलोदा के ग्राम छपरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. संजय उईके के निर्देशन में किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं के दंत स्वास्थ्य की जांच की गई।

स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु सीयूईटी परीक्षा अनिवार्य

सीहोर। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीद्वारा जारी पब्लिक नोटिस 14 दिसम्बर 2025 के अनुक्रम में सत्र 2026–27 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति (हम्) के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। प्रावधानों के अंतर्गत स्नातक की डिग्री उत्तीर्ण ये विद्यार्थी, जिन्होंने मेजर अथवा माइनर विषय के अंतर्गत अध्ययन किया है, संबंधित विषय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र होंगे।

घपला करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी घपला साफ नजर आ रहा है

पहाड़नुमा सड़क: बिना बेस तैयार हो रहा ढाई करोड़ का मार्ग, इंजीनियर का अजीब तर्क- बेस की जरूरत नहीं

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर की जिस सड़क का इंतजार वहांवासी वर्षों से कर रहे थे, अब वही उनके लिए मुसीबत का सबब बनने जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा जनता की मांग पर दी गई ढाई करोड़ की सौगात को ठेकेदार और इंजीनियरों की लापरवाही ने स्वयंभू हादसे बना दिया है। मझली पुल से लुनिया बीराहा तक बन रही इस सड़क का निर्माण तकनीकी मापदंडों को ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिससे रहवासी और दुकानदार दहशत में हैं।

बता दें करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी घपला साफ नजर आ रहा है। नियम के अनुसार सड़क निर्माण से पहले मजबूत बेस तैयार किया जाता है, लेकिन यहां सीधे सड़क बिछाई जा रही है। रहवासी व दुकानदारों ने जब इस पर सवाल उठाए तो जिम्मेदार इंजीनियरों का गैर जिम्मेदाराना जवाब सामने आया कि बेस की जरूरत नहीं है।

बिना बेस के बनाई जा रही यह सड़क कितनी टिकेगी, यह बड़ा सवाल है। इसके अलावा सड़क को इतना ऊंचा कर दिया गया है कि वह सड़क-नुमा नजर आने लगी है। सड़क की ऊंचाई आसपास की दुकानों, घरों और यहां तक कि मंदिरों की दहलीज से भी ऊपर निकल गई है।

दिलचस्प बात यह है कि नाली निर्माण एजेंसी की मनमानी का आलम यह है कि सड़क के किनारों पर आ रहे बिजली के खंभों को हटाने तक की जहमत नहीं उठाई गई। ठेकेदार ने बिजली कंपनी से समन्वय किए बिना ही खंभों के आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, जो भविष्य में ट्रांसफार्मर और तारों को निमंत्रण दे रहा है। ढाई करोड़ की लागत वाली इस सड़क के चौड़ीकरण 11 मीटर में न तो ड्रेनेज का सही आउटलेट किया गया और न ही सेंटरिंग का ध्यान रखा गया।

भारी न पड़ जाए व्यस्ततम मार्ग की अनदेखी

मालूम हो कि यह सड़क रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मंडी जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ती है, जहां रोजाना 5 हजार से अधिक वाहनों का गुजरा रहता है। यदि इस व्यस्ततम मार्ग पर बुनियाद से समझौता किया गया तो यह न केवल जनता के पैसे की बर्बादी होगी, बल्कि रहवासियों को भी परेशान करेगी।

बारिश में जलमग्न होगा पूरा इलाका

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क को अनावश्यक रूप से ऊंचा करने के कारण अब दलान घरों और दुकानों की तरफ हो गई है। आगामी बारिश में सड़क का सारा पानी लोगों के घर और दुकानों तक पहुंचेगा। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के इंजीनियरों की टुपुरी सह बता रही कहीं न कहीं निर्माण एजेंसी को अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त है।

बेस की जरूरत नहीं कह इधर जब इस संबंध में नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोरी से सड़क की ऊंचाई को लेकर बात की तो उन्होंने बताया कि सड़क में बेस की जरूरत नहीं है। तय मानकों के अनुसार ही सड़क का निर्माण हो रहा है।

बाइक ,सुसाइड नोट, 25 वर्षीय युवक लापता नदी रेस्क्यू जारी

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर

श्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पार्वती नदी पुल पर एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके से युवक की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और एक सुसाइड नोट मिलने के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बनुखिलापुर निवासी "अर्जुन मीणा (25 वर्ष), पिता शिवचरण मीणा", मंगलवार रात घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने पार्वती नदी पुल पर एक लावारिस बाइक देखी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। जांच में सामने आया है कि अर्जुन ने लापता होने से पहले अपने बहनोई को मोबाइल पर एक संदेश भेजा था। संदेश में उसने लिखा था कि उसकी बाइक और मोबाइल पार्वती नदी पुल पर रखे हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बाइक, मोबाइल और सुसाइड नोट उसी स्थान पर मिले, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका और गहरा गई।

श्यामपुर थाना पुलिस सक्रिय हुई और जिला मुख्यालय से "क्रू की टीम को बुलाया गया। बुधवार सुबह से "क्रू के प्रशिक्षित गोताखोर मोटर बोट की सहायता से नदी की गहराई में युवक की तलाश कर रहे हैं। नदी का तेज बहाव और अधिक गहराई रेस्क्यू अभियान में बाधा बन रही है। स्थानीय तैराक और ग्रामीण भी खोज अभियान में शामिल कर रहे हैं।युवक के अचानक लापता होने से परिजन सदमे में हैं और लगातार रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या की आशंका का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल युवक की तलाश जारी है, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ब्लैक स्पॉट घटे, फिर भी हादसों में जा रही जान

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों के चलते पांच साल पहले जहां 24 ब्लैक स्पॉट थे, उनकी संख्या अब घटकर 8 रह गई है। बावजूद इसके, इन स्थानों पर होने वाले हादसों में हर साल लोगों की जान जा रही है और कई घायल हो रहे हैं। बीते 10 महीनों में जिले में सड़क हादसों में 87 लोगों की मौत और 95 लोग घायल हुए हैं।

दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने के उद्देश्य से बुधवार को जिले के 7 प्रमुख ब्लैक स्पॉट पर विशेष जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान ब्लैक स्पॉट के आसपास रहने वाले स्थानीय निवासियों द्वारा संचालकों और दुकानदारों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौके पर प्राथमिक सहायता करने और सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया।

बताया जा रहा कि जागरूकता अभियान के तहत शहरी सुरक्षा निधि और यातायात योजना की जानकारी भी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम यातायात प्रभारी सुधेन्द्र बालगोहन यादव, श्री राकेश कुमार और श्री सुनील कुमार मालवीय के नेतृत्व में सीहोर यातायात पुलिस एवं देवास–नीलाम लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एनएचआई के सहयोग से आयोजित किया गया।

6 वर्षीय छात्रा के हाथ में थमाया बुर्का और कहा धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लो

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर

क्षेत्र के ग्राम खंजना में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के दबाव का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक 11 वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर उस पर दुष्कर्म किया गया, फिर धर्म स्वीकार करने और निकाह करने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने छात्रा के जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

आरोपी छात्र, उसके माता–पिता और एक अन्य रिश्तेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।दर्ज एफआईआर के अनुसार पीड़िता छात्रा ने पहले तो इसे मजाक समझा, लेकिन जब आरोपी ने उसे बुर्का थमाया और कहा कि अब तुम्हारा धर्म बदल गया है, तो घबराकर उसने घर जाकर सारी बात परिवार को बताई। परिवार ने तुरंत थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

बुर्का देकर कहा–मुस्लिम धर्म स्वीकार करो

शिकायत के अनुसार आरोपी उमर, पीड़िता के पिता के परिचित मोर पर फोन करता था और इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील व गलत कमेंट्स कर शादी के लिए दबाव बनाता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने तीन बार कहने पर पिता से भी उसकी बात करवाई, जिन्होंने उसे धर्म बदलने के लिए धमकाया।

बुर्का देकर कहा–मुस्लिम धर्म स्वीकार करो

शिकायत के अनुसार शनिवार 20 दिसंबर को आरोपी जावेद (उमर के साढ़ का लड़का) ने पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे जबरन बुर्का पहनाने की कोशिश की। जावेद ने पीड़िता से कहा तेरे के गली–गांव में गुड्डे तक बता दिया है। यदि तुम दोनों प्यार करते हो तो तुम्हें मुस्लिम धर्म स्वीकार करना पड़ेगा। मैं तुम दोनों को घर से भगाकर ले जाऊंगा और निकाह करा दूंगा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

छावनी में नानीबाई का मायरा, आज किया जाएगा समापन भक्त–भगवान के संबंध का जीवंत उदाहरण नरसी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जीवन में भक्त और भगवान के संबंध को समझना है तो नरसी को सुनने का प्रयास करें। आज मंच से भी बड़ा है भगवान का भजन। आज बिगड़े काम देखने के लिये तो भीड़ इकट्ठी हो जाती है लेकिन भगवत कथा का राम कथा सुनने के लिये समय नहीं होता है। ऐसे में भगवान से संबंध कैसे जुड़ेंगे। कलियुग में जिसने तमोगुण छोड़ भक्ति गुण अपनाया वह ठाकुरजी के निकट पहुंच गया। शहर के छावनी स्थित की सुंदरता गार्डन में जारी तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा में आचार्य पंडित संजय कुमार त्रिवेदी ने कहे। बुधवार को दूसरे दिन आचार्य पंडित श्री त्रिवेदी ने लखकि पितृकुल के दौरान धुंधकारी और गोकर्ण की कथा सुनाने जब कहा कि कि वह लक्ष्य कर्मों के परिणामों और मानवता कथा के महत्व को बताती है इस संबंध में आयोजन समिति की ओर से अनिल खुशेड़ा ने बताया कि बुधवार को नानी बाई मायरा की कथा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी और उसके पश्चात राम का गज होगा गाव के राम विमान किया जाएगा।आचार्य पंडित श्री त्रिवेदी ने लखकि धुंधकारी अपने दुराचार और पाखण्ड के कारण प्रेत योनि में भटका, लेकिन उसके भाई गोकर्ण ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कर श्रवण और मनन के माध्यम से उसे मुक्ति दिलाई। धर्म और ज्ञान के बल पर ही होते हैं और वैसी भक्ति और साधना से पापी भी मोक्ष पा सकते हैं, भले ही उन्होंने कितना भी पाप किया हो। मरने के बाद मुक्ति होगी या नहीं होगी, यह भी नहीं जानता क्योंकि श्रीमद् भागवत की कथा ने बताया गया है कि धुंधकारी जब मरा, तो धुंधकारी का भाई गोकर्ण ने गया ने बारह अनेक बार उसका श्राद्ध किया, फिर भी उसको मुक्ति नहीं मिली।

आचार्य पंडित श्री त्रिवेदी ने लखकि जब भक्ति करोगे तो परमात्मा और कथा अपने आप आपके पीछे–पीछे दौड़े आएंगे। अगर आप माया के पीछे दौड़ोगे तो न तो भगवान को प्राप्त कर सकते हो और न ही माया को। उन्होंने कहा कि भगवान तो भी सलाह है वह सब अच्छा करता है।

कुल्हाड़ी मारकर हत्या पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को दबोचा

डीआर संवाददाता>>रेहटी

ग्राम महागांव में पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। फरियादी रामराज कीर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 दिसंबर की रात 9 बजे उनके भाई मानसिंह कीर (60 वर्ष) पर गांव के ही मनीष कीर ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। इससे उनकी मौत हो गई।

एक आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर, पुलिस ने बताया कि इस हत्याकांड में मनीष के साथ एक अन्य आरोपी भी शामिल था, जो फिलहाल फरार है। पुलिस की टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एसडीओपी पुरानी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश लहारे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 23 दिसंबर को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी मनीष कीर गांव में ही छिपा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मनीष कीर को घर दबोचा। पूछताछ बाद आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रहूल से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। के दबिश दे रही हैं। मुख्य आरोपी मनीष को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कार्यकर्ताओं ने गौवंश कत्लखाने को लेकर कराया विरोध दर्ज

बाइकरैली निकाल कर प्रशासन से पांच दिनों के अंदर बंद कराओ बुचड़ खाने का काम का अल्टीमेटम दिया

डीआर संवाददाता>>सीहोर

निर्माणाधीन गौवंश कत्लखाने का विरोध तेज हो गया है। शनिवार को जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं ने गौ मंत्रालय को लेकर बड़ा विरोध दर्ज कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने बैनर तख्तियों के साथ बलराम जाट के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल कर बड़ा संदेश प्रशासन को दे दिया है।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए गौ भक्त कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर बालमुरुगन के नाम का ज्ञापन गौ सेवक अरुण मेवाड़ा के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर अरविंद पटवार को दिया है। ग्रामीण गौ रक्षा सेवा संकल्प के साथ बलराम जाट के नेतृत्व में बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। सोमवारगढ़ी मुगावली जनुनिया रोड से बाइक रैली सोयल नाका पहुंची और प्रदर्शन किया गया। ग्राम सतपोन में प्रस्तावित निर्माणाधीन गौवंश कत्लखाना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणजनों और गौ भक्तों ने आक्रोश जताया है कहा जा रहा है। ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि यहां रहा जो कत्लखाना प्रस्तावित है वो मानव के अस्तित्व संकट खड़ा हो गया है। गौ माता के संरक्षण के लिए कानून नहीं होने से गाय संकट में है। ऐसे हालातों में शासन प्रशासन के द्वारा सतपोन में गौवंश कत्लखाना खोलने की अनुमति देना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। प्रशासन से मांगित बलराम जाट ने कहा कि ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं की संख्या प्रदेश सरकार से मांग है कि ग्राम पंचायत सतपोन में खुलने वाला बूचड़खाना को बंद किया जाए। गौशालाओं की दुर्दशा सुधारी जाए। अधिकारियों के द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। ग्रामीण अंचल से कोई भी ग्रामीण द्वारा गौ–माता को मारा, तो कानूनी कार्यवाही की जाए। गौ माता के लिए गौचर भूमि की व्यवस्था की जाए। सड़क दुर्घटनाओं में घायल गौवंश को गौशाला में स्थान दिया जाए और गौवंश में गौशालाओं की संख्या में बढ़ोतरी की जाए।

प्रदर्शन में, सुधीर प्रजापति, डॉ नगन नामदेव, तिलक खाती, विक्रम यादव, मनीष मीणा, दीपक राजपूत, अंकित मेवाड़ा, शेखर मीणा सुनील मीणा, अनिल परमार, मोनू मेवाड़ा, रामकेश मीणा, अनिल बनवर लोधी सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

विवाहिता ने घर में साड़ी ने फांसी लगाई

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर

श्यामपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता ने घर में बीती रात साड़ी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतिका ने फांसी से लगाने से पूर्व एक नोट भी छोड़ा। छोड़े गए नोट में फांसी लगाने का कारण बताया गया। सूचना मिलने पर पहुंची श्यामपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए श्यामपुर अस्पताल रवाना गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खजुरिया बंगला निवासी सतोष की पत्नि शालोनी रघुवंशी ने बीती रात घर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार सालोनी ने डेढ़ साल पूर्व लव मैरीज शादी की थी। मौके पर पहुंची पुलिस को एक नोट लिखा मिला है। पुलिस को मिली नोट में फांसी लगाने का कारण बताया गया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौष कृष्ण पक्ष,06- 2082 | सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 25 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए दो छात्र चयनित

सीहोर। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो एनएसएस स्वयंसेवक दर्शन दोहरे और जतिन बघाई का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर चण्डीगढ़ में 25 से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। विद्यालय में इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है। यह चयन संस्था प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राव के नेतृत्व में संभव हुआ। राष्ट्रीय एकता शिविर में देशभर से से चुने गए स्वयंसेवक शामिल होते हैं। शिविर में राष्ट्र निर्माण, एकता, सामाजिक समरसता और नेतृत्व क्षमता से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। दर्शना और जतिन के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह गोमर, डीपीसी अरुआर उइके, जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन, जिला स्काउट राधिका राठौर सोनी एवं राजेश देशमुख, डॉ. वेदेश साहू, एपीसी संजय सिंह यादौन और जिला हाकी संघ अधिकारी अंकुर शर्मा ने बधाई दी।

फुटबॉल प्रतियोगिता आज से, 31 को फाइनल

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर पूर्व स्वर्गीय पीएन ठाकुर विधायक की स्मृति में गुरुवार से जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कनौजिया ने प्रतियोगिता की तकरीबन के लिए एक समिति का गठन किया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी बिस्वजु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का पहला मैच सीहोर क्लब और सीहोर स्पिलूज के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में पांच टीम को शामिल किया गया है। 25 दिसंबर से होने वाली प्रतियोगिता का फाइनल 31 दिसंबर को किया जाएगा।

ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर मिला स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

सीहोर। जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वी. एचएनडी) के अवसर पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान बच्चों का नियमित टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

पिकअप नाली में फंसी, हादसा टला

अहमदपुर। कस्बे में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गेहूं से भरी एक पिकअप सड़क किनारे बनी खुली नाली में फंस गई। गनीमत रही कि वाहन चलाने से बच गया और किसी प्रकार का बड़ा हादसा नहीं हुआ। यह मार्ग अहमदपुर कस्बे के लिए प्रमुख है, फिर भी सड़क किनारे खुली नालियों का खतरा बरकरार है। जानकारी के अनुसार, पिकअप अहमदपुर कस्बे से गेहूं लेकर बरनाला की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन पंचायत भवन के पास पहुंचा, चालक ने सड़क किनारे से वाहन निकालने का प्रयास किया। इस दौरान सड़क किनारे बनी खुली नाली का अंदाजा न होने के कारण वाहन का पिछला पहिया नाली में फंस गया। वजन अधिक होने के कारण वाहन एक ओर झुक गया और चलाने की स्थिति में आ गया।

तीसरा दिन | एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोपियों के मकान तोड़ने की रखी मांग

नगर में हुई घटना में पुलिस ने अब तक 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»आष्टा

नगर में हुई घटना में पुलिस ने अब तक 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

नगर में रविवार की रात करणी सेना और एक विशेष समुदाय के बीच हुए विवाद का मामला गर्माता जा रहा है। तीसरे दिन, बुधवार को, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने तहसील कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया कि आरोपियों के मकान भी तोड़े जाएं। वहीं, इस मामले में पुलिस ने बुधवार को चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। नगर में हुई घटना में पुलिस ने अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि नगर में हुई घटना के बाद से पुलिस प्रशासन लगातार आरोपियों पर कार्रवाई कर रहा है। दूसरी तरफ, प्रतिदिन नए-नए संगठन तहसील कार्यालय में प्रदर्शन और नारेबाजी करते

हुए ज्ञापन दे रहे – हैं। अब तक करणी सेना, क्षत्रीय करणी सेना, व्यापार महासंघ और – राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा ज्ञापन दिए गए हैं। बुधवार को, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह चौहान के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पर – प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन – सौंपा गया। इसमें कहा गया कि जिस स्थान से पथराव हुआ है, उसे जमींदोज किया जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए।

दबिश देकर पुलिस ने 6 और आरोपियों को पकड़ा

थाना पार्वती क्षेत्र अंतर्गत करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर लूट असामाजिक तत्वों द्वारा कार्रवाई की गई व उनके वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त घटना के संबंध में थाना पार्वती में अज्ञात बदमाशों पर विधिवत प्रकरण भी दर्ज। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तलाश करवाई करते हुए मौके व अनावरा से वीडियो फुटेज एकत्रित किए गए। जिनके माध्यम से आरोपियों की पहचान की गई। 23 दिसंबर को रात में पुलिस द्वारा दबिश देकर 6 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार अब तक प्रकरण में कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में नावर अहमद पिता इकबाल अहमद उम्र 35 वर्ष निवासी शेखपुरा, मुस्तफा उद्दीन पिता इजहार उद्दीन उम्र 36 वर्ष निवासी शेखपुरा, साहूद आलम पिता मंसूर आलम उम्र 32 वर्ष निवासी शेखपुरा, इरशाद शाह पिता बादर अली उम्र 35 वर्ष निवासी शेरपुरा, शहीद खां पिता गुल्मर खां उम्र 40 वर्ष निवासी शेखपुरा, सलमान खां पिता कादूल खां उम्र 24 वर्ष निवासी सारंगपुर शामिल है।

रफ्तार आरोपियों से की जा रही पूछताछ

सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने प्रशासन-पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

डीआर संवाददाता»आष्टा

सीहोर को आष्टा के असीपुर क्षेत्र में हरदा से लौट रही करणी सेना के कार्यकर्ताओं के साथ विवाद हुआ। बुधवार को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने स्थानीय विश्वासपूर्ण पर अनुविभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने घटना के बाद से अब तक प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली और समीक्षा की। बैठक में एसडीएम नितिन राले, एसडीओपी आकाश अमलकर, आष्टा और पार्वती थाना प्रभारी गिरीश दुबे, हरि सिंह पंवार, और तहसीलदार रामलाल पगारे उपस्थित रहे। एसडीएम और एसडीओपी ने घटना की रात से अब तक स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी विधायक को दी। गणेश बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि घटना के बाद सोशल मीडिया पर आए वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, और अन्य माध्यमों से मिली जानकारी के आधार पर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

विधायक इंजीनियर ने समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि यह घटना अत्यंत गंभीर है और नगर की गंगा-जमुनी संस्कृति के लिए चिंता का विषय है। यह घटना निंदनीय है। घटना के बाद उत्पात कर शांति तथा भय का माहौल बनाने का प्रयास किया, यह अस्वीकार्य है। इस घटना को अंजाम देने वाले सभी दोषियों की पहचान कर उन पर जनभावनाओं के अनुरूप नियमानुसार सख्त सुनिश्चित की जाए।

अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय सहित पूरे जिले के शासकीय कार्यालयों में प्रातः 11 बजे अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा उत्तरदायी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सतत तत्पर रहने की शपथ कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर श्री रविन्द्र पटेरिया ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों के

श्री स्व.सूरज प्रसाद वर्मा को श्रद्धांजली अर्पित की

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनूप कुमार वर्मा के पिता श्री स्व.सूरज प्रसाद वर्मा के निधन पर शहर के एक निजी गार्डन में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सांसद गण सहित अन्य ने स्व. श्री वर्मा के चित्र पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर गंज के संचालक मनोज दीक्षित भाजपा और भामेश

महेश्वरी सहित अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजली कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नेता राजकुमार गुप्ता, ओमप्रकाश बामोवर राय, राजेन्द्र राजपूत, राजेश परिहार आदि शामिल थे।

इस मौके पर सम्बन्धसेवी ओमप्रकाश ने कहाकि स्व.श्री वर्मा शरल, सहज और मिलनसार थे, उन्होंने श्रद्धांजली अर्पित की। श्रद्धांजली सभा का कार्यक्रम कुमार को किया गया था, जिसमें शहर सहित आस-पास के बड़ी संख्या में डॉक्टरों, जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, अधिकारी, सामाजिक संगठनों के लोग शामिल थे।

जुए की फड़ से 6 आरोपी गिरफ्तार 21,200 रुपए व ताश के पत्ते जब्त

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

भैरूंदा पुलिस ने बुधवार को जुए की फड़ पर दबिश देकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 21 हजार रुपए और ताश के पत्ते जब्त किए। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में एएसपी सुनीता रावत और एसडीओपी रोहन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना भैरूंदा पुलिस द्वारा जुए के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। भैरूंदा पुलिस को बुधवार को सूचना मिली कि मुस्लिम मोहल्ला स्थित नूर खां के घर

के पास वाले किनारे कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तसदीक के लिए पुलिस मौके पर पहुंची, जहां घेराबंदी कर छह आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

इनको किया गिरफ्तारपुलिस ने आरोपियों के कब्जे और जुए की फड़ से कुल 21 हजार 200 रुपए नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। पकड़े गए आरोपियों में इलीक खान, जलील-रायस खान, अनवर खान, नूर खान, ऊली खान और शाहरुख खान शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

सीहोर। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सामाजिक सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग सीहोर श्री योगेश दत्त शुक्ला, सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग सीहोर श्री सामेन्द्र राजोरा, सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग सीहोर कीर्ती पूजा खन्ना, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश पटेल, लीड बैंक प्रबंधक श्री विजय शम्सकले सहित सम्बन्धकार्यों को शोध प्रदान करने वाले विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं जिले के उपभोक्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत बनाए गए नवीन प्रावधानों एवं उपभोक्ताओं के अधिकारों की विस्तृत

कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों एवं प्रस्तावित गीता भवन निरीक्षण किया

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन विम्मेशिंग, स्टेडियम वुल एवं क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला मुख्यालय में प्रस्तावित गीता भवन के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्थल की उपलब्धता, पहुंच मार्ग और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि खेल व सांस्कृतिक अवसंरचना के विकास से जिले के युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे।

"टाउन हॉल स्थित शासकीय पुस्तकालय का निरीक्षण"

इसके बाद कलेक्टर ने टाउन हॉल में संचालित शासकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकों, अध्ययन कक्ष, बैठने की व्यवस्था और पाठकों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर अध्ययन के अनुकूल वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नवल तहसीलदार अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा

बैठक में अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन की विस्तार से जानकारी ली गई

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्टर श्री बालगुरू के. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन की विस्तार से जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री बालगुरू के.

ने आगामी जन्म विवाह सम्मेलनों के आयोजन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं पुनर्वास की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास सुविधाएं प्रभावशिलता से उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा दिव्यांगजनों के विवाहयोग हेतु सहमिलन कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागीय निर्देशानुसार चिन्हांकन कार्य समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

इसके साथ ही कलेक्टर ने वृद्धावस्था पेंशन सहित सभी पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही पेंशन लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को गांवों भ्रमण कर पेंशन हितग्राहियों की जानकारी लेने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से छूट न जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि जनवरी 2025 से अभी तक जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र सीहोर में 1016 नवीन हितग्राहियों का पंजीयन किया

पुतला दहन कर जताया विरोध

डीआर संवाददाता»बुदनी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल बुदनी द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध व्यापक नरसंहार, अत्याचार, मंदिरों के विध्वंस व जबरन धर्मांतरण की घटनाओं के विरोध में बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इन घटनाओं को पैशविक मानवाधिकारों पर गहरा आघात बताया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाकर वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

पौष कृष्ण पक्ष-06,2082

विदिशा, दिन गुरुवार,दिनांक 25दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में कीर्तन आज

विदिशा। प्रकाश पर्व और साहिबजादों व माता गुजरी की शहादत की स्मृति में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। श्री गुरु नानक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र चावला ने बताया कि 25 को सुबह 9 से 10 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार सजेगा

नित्य गंगा आरती के 6001 दिन पूर्ण, आज भी होगी

विदिशा। मां वैष्णवी गंगा को स्वच्छ और समानीय बनाए रखने के संकल्प के साथ 18 वर्षों से निरंतर गंगा आरती हो रही है। 25 दिसंबर को 6001वें दिन में प्रवेश करेगी। शाम 6 बजे कड़वाला घाट स्थित मां वैष्णवी गंगा पुरम में 120वीं महागंगा आरती होगी।

दृष्टि बहाली की दिशा में एक सराहनीय प्रयास

विदिशा। जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग ने जनहित का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। चालू वित्तीय वर्ष में 600 से अधिक

उपभोक्ता ठगी से बचें, खरीद पर लें। लाल

विदिशा। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस गार्डन में जिला स्तरीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही एक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें उपभोक्ता जागरूकता से जुड़ी जानकारियां दी गईं। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता सैलाना स्पुवंशी ने कहा कि हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए। उपभोक्ता ठगी से बचें, इसके लिए दी जाने वाली जानकारी को उत्तर समझें। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर खरीदी पर पक्का बिल जरूर लें।

शुभम प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बने

ग्यारसपुर। मानोरा प्रांतीय कुशवाह महासभा की नवीन प्रदेश यंत्रकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष योगेश सिंह कुशवाह की सहमति से शुभम कुशवाह को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नियुक्ति पर शुभम ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार माना। नियुक्ति पर गोपाल कुशवाह, सुनील कुशवाह, जनपद सदस्य नीलम कुशवाह, सीताराम कुशवाह, कमल कुशवाह, अमित कुशवाह, शुभम जैन, सत्येंद्र कुशवाह आदि ने उन्हें बधाई दी है।

लटेरी के अगरा पठार के जंगल में हुई वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

कलेक्शन एजेंट को लूटने वाले 4 बदमाशों में से दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 2 फरार

आरोपियों ने एजेंट के साथ लूट करने के बाद राशि को आपस में बराबर बांट लिया था।

डीआर संवाददाता ▶▶ लटेरी

लटेरी पुलिस ने लूट की सनसनीखेज घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की गई राशि 30 हजार एवं अपराध में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली है।

22 दिसंबर को फरियादी धर्मेंद्र सोनी पिता संतोष सोनी निवासी राजपतनगर कॉलोनी मंडी सीहोर ने लटेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह सोलिन प्राईवेट कंपनी नेटवर्क लिमिटेड, दिल्ली ने

कलेक्शन का कार्य करता है। फरियादी ग्राम धूनगिर बरखेड़ा में समूह लोन की किस्तें कलेक्ट कर वापस शमशाबाद जाते समय अगरा पठार के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने रास्ता रोककर डंडे से मारपीट कर बैग छीन लिया। बैग में 53 हजार 800 रुपए एक लेनोवो टैबलेट एवं पर्स में रखे 6 हजार 350 रुपए नकद सहित आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज थे। कुल 60 हजार 200 रुपए की की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। टिप्पेन्ना

के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं सघन पूछताछ के आधार पर आरोपियों अमरराज यादव एवं अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों ने पूर्व में लोन लिया था तथा अधिक राशि का

ज्यादा राशि का लोन न मिलने के कारण दिया था लूट की वारदात को अंजाम।

लोन न मिलने पर अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने लूट की राशि को आपस में बराबर बांट लिया था। अन्य फरार 2 आरोपियों की तलाश जारी है। लटेरी पुलिस ने बताया इन आरोपियों पर पूर्व में कोई अपराध कायम नहीं है। गिरफ्तार आरोपी अमरराज यादव पिता सुमेर सिंह यादव, उम्र 28 वर्ष और अभिषेक यादव पिता शिवराज यादव उम्र 22 वर्ष दोनों लटेरी के धूनगिर गांव निवासी हैं।

अब बिना लाइसेंस के कोई भी डीलर पुराने वाहनों का व्यवसाय नहीं कर सकेगा

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

वाहन बेचने का व्यवसाय करने वालों को 31 दिसंबर तक लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यदि बिना लाइसेंस लिए वाहनों की खरीद फरोख्त करते पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार दर्शन स्थानों पर डीलरों द्वारा वाहनों की खरीदी फरोख्त की जाती है। इसके अलावा जिले की तहसीलों में पुराने वाहन बेचने वाले डीलरों को लेना होगे लाइसेंस, 31 तक आवेदन करें, फिर बिना लाइसेंस खरीद करोख्त करते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई भी बड़ी सख्या में वाहन बेचने वाले डीलर हैं, लेकिन इनके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं होगा। शहरों पर वाहन एक्सचेंज करने पर भी यह वाहन डीलर ही खरीदते हैं और वाहन एक्सचेंज करने वाले व्यक्ति के नाम का वाहन दूसरे को बेच देते हैं ऐसे में जब वाहन से कोई घटना, दुर्घटना होती है तो वाहन का पुराना मालिक फंसता है और डीलर साफ बच जाते हैं। लेकिन अब पूरी जिम्मेदारी डीलर की होगी।

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री करने के लिए डीलरों को वाहन पोर्टल के माध्यम से फॉर्म 29ए में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके साथ 25 हजार रुपए की निर्धारित फीस जमा करना होगी। आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर संबंधित फील्डिंग प्राधिकारी द्वारा सत्यापित होने पर डिजिटल रूप से फॉर्म 29सी में लाइसेंस जारी किया जाएगा। यदि आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो आवेदक को सुनवाई का अवसर देकर कारण स्पष्ट रूप से लिखित में बताए जाएंगे। परिवहन विभाग के अनुसार विदिशा जिले में कई स्थानों पर बिना लाइसेंस के पुराने वाहनों पर कारोबार किया जा रहा है जिससे शासन को कीस एवं पीएमटी के रूप में होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इसी को देखते हुए सभी वाहन व्यवसायियों को 31 दिसंबर से पहले नियमानुसार आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। समय-सीमा के बाद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई तय मानी जाएगी।

राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

[illegible] श्रीनि छंदपकलं अपकलसंतीबीहक अपकलीं में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शैक्षणिक एवं बौद्धिक वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम के सुभारंभ में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री के. तिवारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि रामानुजन का योगदान केवल गणित तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका मौलिक कार्य सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि रामानुजन का शोध कार्य आज भी अनुसंधान का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री पी. सी. गौतम ने अपने प्रेरक उद्बोधन में रामानुजन के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को गणित के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गणित आधारित प्रश्नोत्तरी, शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

ई-सेवा केन्द्र का उद्घाटन, न्यायिक सेवाओं को मिलेगी डिजिटल मजबूती

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा जिले के गोर्मेलिनो ग्राम एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत द्वारा आज जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शेख सलीम, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीकृष्णकुमार निरंजन न्यायाधीश श्री जीतेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत न्यायालय परिसर में अन्य न्यायाधीशगण, अभिभाषक संघ उमरावपुर के अध्यक्ष श्री ज्ञानसिंह जैन, विदिशा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री संतोष शर्मा, अभिभाषकगण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण द्वारा पौधरोपण कार्य में सहभागिता निभाई। करते पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत ने ई-सेवा केन्द्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस केन्द्र पर नागरिकों एवं अभिभाषकों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति, सुनवाई की अगली तिथि, न्यायाधीशों के अवकाश संबंधी जानकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ी सूचनाएँ सहित अन्य न्यायिक सेवाएं सुलभ रूप से प्राप्त हो सकेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शेख सलीम ने बताया कि ई-सेवा केन्द्र का निर्माण माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशन में किया गया है, उन्होंने बताया कि यह पहल न्यायिक व्यवस्था को और अधिक डिजिटल, सुलभ एवं जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय किसान संघ की बैठक आज

विदिशा। नवीन कृषि उपज मंडी, मिर्जापुर में भारतीय किसान संघ की बैठक 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से होगी। इसमें प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, जिला प्रभारी राहुल धूत मार्गदर्शन देंगे। संघ के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख दीपक शर्मा ने किसानों से पहुंचने की अपील की है।

सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के त्वरित निराकरण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

जिला प्रशासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व संबंधी आवेदनों के समाधान को प्राथमिकता देते हुए जिले की विभिन्न तहसीलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया है।

इन शिविरों के माध्यम से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। संबंधित राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आवेदकों की समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा पात्र मामलों में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी शिकायतों का समाधान पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध तरीके से हो सके। प्रशासन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रत्येक आवेदन का गुणवत्ता से परीक्षण तथा संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री अंदुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में खाद विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

कलेक्टर श्री अंदुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय खाद विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कराया गया। यह निरीक्षण संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में किया गया।

निरीक्षण के दौरान खाद की उपलब्धता, गुणवत्ता, स्टॉक की स्थिति, दर सूची का प्रदर्शन, लाइसेंस एवं अभिलेखों की जांच सहित शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन की समीक्षा की गई। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसानों को निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जा रही है तथा किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न हो।

कलेक्टर श्री अंदुल गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि खाद विक्रय केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा अनियमितता पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस कार्रवाई का उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना तथा जिले में पारदर्शी एवं सुचारु वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

साप्ताहिक बैठक कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

शेरपुरा की छात्राओं का महाविद्यालय विदिशा का शैक्षणिक भ्रमण किया

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग की मंशानुरूप कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कुशवार 24 दिसंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुरा की छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेयी ने छात्राओं का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों एवं संबंधित प्राध्यापकों का परिचय कराया। उन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुमार जैन ने छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, करियर मार्गदर्शन प्रवेश, खेल गतिविधियों, एन. सी. सी. एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अजय सिंह हजारी ने अपने संबोधन में छात्राओं को शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं परिसर की संरचनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के स्टाफ सदस्य सोनेन्द्र सिंह लोधर, अनिल श्रीवास्तव, राकेश पौराणिक, प्रेमलता रैकवार, अनिता आचार्य, नीता पुरोहित उपस्थित रहीं। वहीं महाविद्यालय की ओर से डॉ. रवीन्द्र यादव, डॉ. प्रवेश कुमार साहू, डॉ. प्रमोद कुमार सेन, डॉ. दीपेश नामदेव, डॉ. रोहन कुमार, डॉ. राजकुमार प्रजापति, श्रीमती श्वेता सोलंकी, डॉ. निमिषा शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. भगवत सिंह पाल द्वारा किया गया। यह भ्रमण छात्राओं में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप, बजरंग दल का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▶▶ नटेरन

नटेरन (विदिशा)।विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड नटेरन द्वारा बांग्लादेश में हिन्दू समाज और मंदिरों पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड मंत्री अंकेश यादव ने कहा कि बांग्लादेश सहित अन्य देशों में हिन्दुओं पर हो रहे हमले अत्यंत निंदनीय हैं। यदि हिन्दू समाज और धार्मिक स्थलों पर हो रहे अत्याचार शीघ्र बंद नहीं हुए, तो विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह इस विषय पर कड़ा रुख अपनाते हुए पीड़ित हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

प्रदर्शन में जिला मठ-मंदिर प्रमुख लाला राम मीणा, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख सतीश यादव, प्रखंड अध्यक्ष रामकरण मीणा, प्रखंड मंत्री अंकेश यादव, प्रखंड संयोजक विशाल यादव सहित जीवन मीणा, सुमित स्पुवंशी, शिवांश चौकसे, अंकित कुशवाह एवं अन्य अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया और कहा कि हिन्दू समाज अब अन्याय के विरुद्ध संगठित होकर आवाज उठाएगा।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

पौष कृष्ण पक्ष-06,2082

राजगढ़, दिन गुरुवार,दिनांक 25 दिसंबर,2025

न्यूज गैलरी

उपज मंडी में अवकाश आज, नहीं होगी नीलामी

राजगढ़। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को 25 दिसंबर क्रिसमस के पर अवकाश घोषित किया गया है। सचिव अशोक कुमार ठाकुर ने बताया कि बुधवार को मंडी में नीलामी हुई थी। किसानों ने 5500 क्विंटल अनाज बेचा है। 2892 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई है। वहीं गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। जिससे कोई भी किसान मंडी में अनाज बेचने नहीं पहुंचे। शुक्रवार को मंडी खुलने के साथ नीलामी की जाएगी।

स्वरोजगार के लिए आवेदन 30 दिसंबर तक

राजगढ़। अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक 30 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ स्वरोजगार के लिए सब्सिडी पर लोन दिया जाएगा।

जाति प्रमाणपत्र आवेदन के साथ समय अनिवार्य

राजगढ़। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने अब आवेदन की यह परिवार की समय आईडी होना अनिवार्य किया गया है। तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर आवेदन धुमकड़ फोटोज पर लाइव कर दिया गया है।

उपज मंडी में अवकाश आज, नहीं होगी नीलामी

राजगढ़। ब्यावरा कृषि उपज मंडी में गुरुवार को 25 दिसंबर क्रिसमस के पर अवकाश घोषित किया गया है। सचिव अशोक कुमार ठाकुर ने बताया कि बुधवार को मंडी में नीलामी हुई थी। किसानों ने 5500 क्विंटल अनाज बेचा है। 2892 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई है। वहीं गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। जिससे कोई भी किसान मंडी में अनाज बेचने नहीं पहुंचे। शुक्रवार को मंडी खुलने के साथ नीलामी की जाएगी।

स्वरोजगार के लिए आवेदन 30 दिसंबर तक

राजगढ़। अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक 30 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ स्वरोजगार के लिए सब्सिडी पर लोन दिया जाएगा।

जाति प्रमाणपत्र आवेदन के साथ समय अनिवार्य

राजगढ़। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने अब आवेदन की यह परिवार की समय आईडी होना अनिवार्य किया गया है। तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर आवेदन धुमकड़ फोटोज पर लाइव कर दिया गया है।

छात्रों का हुआ सम्मान

ब्यावरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र नवीन मीणा व दीपक चंद्रवंशी ने वर्ष 2025 में कक्षा 12वीं सर्वोच्च अंक से उत्तीर्ण की व दोनों छात्रों का भारतीय सेना में चयन हुआ है। नवीन मीणा थल सेना में व दीपक चंद्रवंशी वायु सेना में चयनित हुए हैं। इन छात्रों ने लैपटॉप प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 85 से अधिक अंक प्राप्त कर 25000 25000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है। एवं नवीन मीणा ने विद्यालय में सर्वोच्च

रिश्वतखोरी आवास सत्यापन में रिश्वतखोरी! दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई, हितग्राहियों से रुपए मांगने का ऑडियो हुआ था वायरल

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

आवास योजना के तहत सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने के गंभीर मामलों में जिला पंचायत राजगढ़ (ब्यावरा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्जिया गढ़पाले ने कड़ा कदम उठाते हुए दो ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में वाट्सएप ग्रुप में प्रसारित ऑडियो रिकॉर्डिंग को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। आए दिन सरपंच समितियों के रिश्वत मांगते सामने आते रहते हैं जिन पर साक्ष्य के अभाव में कई बार कार्रवाई संभव नहीं हो पाती है।

पहला मामला ग्राम पंचायत धामन्दा का

प्रथम प्रकरण ग्राम पंचायत धामन्दा, जनपद पंचायत सारंगपुर से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार सचिव रामचंद्र नागर द्वारा आवास सत्यापन के एवज में हितग्राहियों से 1000 से 2000 रुपये तक लेने की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नाम जोड़ने के लिए 10-10 हजार रुपये तक की मांग की जा रही थी।

ऑडियो में राशि लेने की बात स्वीकार किए जाने से शासन की छवि धूमिल होने की स्थिति बनी। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सचिव रामचंद्र नागर को मप्र पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 एवं ग्राम पंचायत सचिव भर्ती व सेवा शर्त नियम 2011 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

दूसरा मामला ग्राम पंचायत आलमरोड का

दूसरा मामला ग्राम पंचायत आलमरोड, जनपद पंचायत सारंगपुर का है। यहां सचिव राजेश सिंह सहेला को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन काल में उनका मुख्यालय भी जनपद पंचायत सारंगपुर निर्धारित किया गया है।

जनपद पंचायत

दोष सिद्ध हुए तो होगी कड़ी कार्रवाई

दोनों मामलों में जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर आरोप-पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खंड पंचायत अधिकारी एवं सरपंचों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच में दोष सिद्ध होने पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ब्यावरा से घर लौट रहे बाइक सवारों को कंटेनर ने कुचला, दो की मौत

डीआर संवाददाता ✉ सुठालिया

ब्यावरा रोड पर चौकी गांव के समीप कुरावर शाम कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यहां बता दें, सालेपुर निवासी लखन पुत्र बापूलाल सौंधिया 35 व खनोटिया निवासी भैरू सिंह पुत्र नगाराम सौंधिया 55 बाइक से ब्यावरा से सुठालिया आ रहे थे। शाम 6 बजे चौकी गांव के पास सुठालिया से ब्यावरा की तरफ जा रहे सरकार से बेरे कंटेनर ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय कंटेनर तेज रफ्तार से आ रहा था। गिरते इतनी भयानक थी की बाइक सवार एक व्यक्ति कंटेनर के नीचे घुस गया और दोनों पैर कट गए। वहीं लखन बाइक की तरफ गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सुठालिया पुलिस मौके पर पहुंची, जहां दोनों को इलाज के लिए

इस तरह कंटेनर के नीचे आने से हो गई बाइक सवार की मौत।

सुठालिया स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना दोनों मृतकों के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ। रात हो जाने के कारण दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। गुरुवार सुबह दोनों मृतकों का पीएम किया जाएगा। सुठालिया थाना प्रभारी अनिल सोलंकिया ने बताया कि कंटेनर की टक्कर से दोनों बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है। मर्ग कायम कर लिया है। वहीं कंटेनर चालक पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

सड़क किनारे अचेत मिले युवक-युवती, एक की मौके पर, दूसरे की इलाज के दौरान मौत

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

राजगढ़ मध्यप्रदेश के बाघवतुर-गोबटपुर क्षेत्र से घर से निकले एक युवक और युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया था। इसके बाद वे राजस्थान के कालता थाना क्षेत्र में नया समदेवरा मंदिर के पास सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिले। बनवाया रोगहर बाद दोनों घर से निकले थे। शाम होते-होते गांव के एक युवक ने उन्हें सड़क किनारे बेसुध हालत में देखा और पुलिस प्रशासन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने युवती को शाम को मृत घोषित कर दिया, जबकि युवक ने इलाज के दौरान भोर रात दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक, उन्हें युवक के मोबाइल फोन से पहला की सूचना मिली थी। युवक के पिता ने बताया कि वह दोपहर में दवाइयां लेकर खेत गए थे, लौटने पर बेटा बेटे के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली। तत्पश्चात के मालता पुलिस थाने की टीम ने दोनों शवों का शनाख्त अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। एएसआई विनोद यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर नशे की आशंका है, लेकिन मौत के वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होंगे।

प्रतापपुरा से बुचाखेड़ी मार्ग पर अतिक्रमण हटाया

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ विकासखंड अंतर्गत प्रतापपुरा से बुचाखेड़ी मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई सहायक प्रबंधक की प्रवीण खटिकार के मार्गदर्शन में संपन्न की जा रही है। अतिक्रमण हटाने की इस प्रक्रिया में ग्राम बुचाखेड़ी पु. सरपंच मंगल सिंह बघेल, सचिव, ग्राम पंचायत बुचाखेड़ी के पटवारी श्री जगदीश यादव एवं सुमेरसिंह के पटवारी श्री बलवीर मीना द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही अधिकारियों द्वारा मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की गई,जिससे आवागमन सुचारु हो सके। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से अपील की है कि वे सरकारी मार्गों पर अतिक्रमण न करें एवं कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।

सुशासन दिवस पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन की शपथ

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

सुशासन दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। बता दें कि 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय अवकाश होने के कारण एक दिवस पूर्व ही शपथ दिलाई गई। सर्वप्रथम का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सुशासन का मूल उद्देश्य आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों – कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ करें।

इस अवसर पर सभी अधिकारी – कर्मचारियों ने प्रशासनिक कार्यों में नियमों का पालन, जनहित को सर्वोपरि रखने तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। सुशासन दिवस के अवसर पर प्रशासन द्वारा सुशासन के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए जनसेवा के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासन को 4.36 लाख का नुकसान, नपा स्थापना प्रभारी को दिया वसूली का नोटिस

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

दो नगर पालिका राजगढ़ में गलीन लापरवाही और मिलान कैलिबर का मामला सामने आया है। यहां एक पेंशनभोगी महिला की मृत्यु के बावजूद दो साल बाद तक उसके नाम से विधवा राशि से पेंशन जारी होती रही। इस चूक के चलते शासन को कुल 4 लाख 36 हजार 53 रुपए की अर्थिक क्षति हुई है। मामले के उजागर होने के बाद नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक को पत्र लिखकर पेंशन पर रोक लगवाई, साथ ही जीवित प्रमाण पत्र जारी करने के लिए स्थापना शाखा प्रभारी को नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका के पूर्व कर्मचारी बाबू लाल के निधन के बाद उनकी पत्नी शरीफन बाई के नाम से शासन के नियमानुसार पेंशन एप्रोव्ड की गई थी। बताया गया है कि शरीफन बाई की मृत्यु 10 सितंबर 2023 को हो गई थी। इसके बावजूद नगर पालिका की स्थापना शाखा द्वारा तीन बार 18 दिसंबर 2023, 4 नवंबर 2024 तथा अंतिम बार 14 नवंबर 2025 को उनका जीवित प्रमाण पत्र जारी किया गया। इन प्रमाण पत्रों के आधार पर एसबीआई खाते में लगातार पेंशन राशि जमा होती रही।

बंद कराई शिकायत के बाद सीएमओ ने मामले की प्रारम्भिक जांच कराई, जिसमें यह गंभीर अनियमितता सामने आई। प्राप्त में पुष्टि होते ही सबसे पहले संबंधित उक्त बैंक को को सूचना देकर पेंशन बंद व गई तथा खाते पर होल्ड लगवाया गया, ताकि आगे कोई राशि आहरित न हो सके। इसके बाद सीएमओ ने इस पूरे प्रकरण के लिए जिम्मेदार तत्कालीन स्थापना शाखा प्रभारी सलोद बेनसीर अंतर्गत स्थापना शाखा प्रभारी राकेश शर्मा को नोटिस जारी किया। नोटिस में दोनों अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गलत तरीके से जारी की

निर्देश जारी कार्य में लापरवाही पर रामगढ़ हल्का पटवारी को निलंबित करने दिए निर्देश

प्रशासन गाँव की ओर सुशासन सप्ताह के तहत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्राम पंचायत रामगढ़व पिपलिया कुल्मी में शिविर में शामिल हुए

डीआर संवाददाता ✉ जीरापुर

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर अभियान के तहत बुधवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत रामगढ़ एवं ग्राम पंचायत पिपलिया कुल्मी में आयोजित शिविरों में पहुँचकर सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इन्जिया गढ़पाले भी साथ रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिविर में ग्रामीणजनों के साथ जमीन पर बैठकर सीधा संवाद कर उनकी समस्याएँ, शिकायतें एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए। शिविर के दौरान राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदकों को सुना व निष्पादित योजनाओं की बचा भी बानगियों के साथ की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक सुगमता से पहुँचाई जाए तथा लाभ वितरण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने कहा कि प्रशासन गाँव की ओर पहल का उद्देश्य शासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा सके। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पिपलिया कुल्मी में एक बगिया मां के नाम बगिया का भी निरीक्षण किया। रामगढ़ हल्का पटवारी की कार्यशैली द्वारा कार्य में लापरवाही की मिली शिकायतों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने हल्का पटवारी श्री ज्ञानसिंह अहिरवार को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी शिलपीपुर सुश्री अंकिता जैन, नायब तहसीलदार कपिलपुर रामकिशन धाकड़ सहित विभागीय अधिकारी – कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध

डीआर संवाददाता ✉ खुजनेर

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर खुजनेर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी बांग्लादेशी हिंदू पर अत्याचार होता है तो भारत का हिंदू समाज इसे कभी सहन नहीं करेगा देश के कोने-कोने में हिंदू समाज एकत्रित होकर बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में आवाज उठा रहा है जिसमें जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, जिला सह मंत्री कमल किशोर, प्रखंड अध्यक्ष पवन, प्रखंड मंत्री गोविंद सनेला, भगवान सिंह सोलंकी, दीपक यादव व बड़ी संख्या में खुजनेर गौ सहायक के कार्यकर्ता बजरंग दल एवं विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, नारों के माध्यम से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया।